5 रामखण्ड रामायण, अयोध्याकाण्ड, छन्द सं0 136, पृ0 354,

:nirki l:"V gkb cky: lkjx&ikfuAA[1]

pkokd d: vulkj&यज्ञ, पूजन, दान, तपस्या इत्यादि बातें बताने वाले ग्रन्थ बुद्धिमान् मनुष्यों ने दान की ओर लोगों की प्रवृत्ति कराने के लिए ही बनाये हैं। वह कहता है कि इस लोक के सिवा कोई दूसरा लोक नहीं है (अतः वहाँ फल भोगने के लिए धर्म आदि के पालन की आवश्यकता नहीं है) जो प्रत्यक्ष राज्यलाभ है, उसका आश्रय लीजिए, परोक्ष (पारलौकिक लाभ) को पीछे ढकेल दीजिए।

राम चार्वाक मत का खण्डन करते हुए कहते हैं–

ukLrhdh ckuh lfu jkekA rke ci[k fuil r cy/kkekAA
gfj&in xeu dj =; jkgA lR; /kefcn de ljkgAA
,fg idkj e/kk tkb lk ukfLrd&/kh tkfuA
Hkk[kr vblu er n[kn gkr u rEgfg xykfuAA[2]
gm ukfLrd&er iHkfg u ek[kkA ukLrhdh er ufg vfHkyk[kkAA
um ukfLrd vkfLrd lc dkykA dky tkb py ukfLrd&pkykAA[3]

राम नास्तिक मत का खण्डन करते हुए कहते हैं कि जो पुरुष धर्म अथवा वेद की मर्यादा को त्याग देता है, वह पापकर्म में प्रवृत्त हो जाता है। उसके आचार और विचार दोनों भ्रष्ट हो जाते हैं; इसलिए वह सत्पुरुषों में कभी सम्मान नहीं पाता है। सत्य का पालन ही राजाओं का दया प्रधान धर्म है– सनातन आचार है, अतः राज्य सत्यस्वरूप है। सत्य में ही सम्पूर्ण लोक प्रतिष्ठित हैं 'दान, यज्ञ, होम, तपस्या और वेद–इन सबका आधार सत्य ही है, इसलिए सबको सत्यपरायण होना चाहिए–

---

1 रामखण्ड रामायण, अयोध्याकाण्ड, दो0सं0 585 पृ0 354
2 रामखण्ड रामायण, कोशलापथ, दोहा 594, पृ0 357,
3 रामखण्ड रामायण, कोशलापथ, छंद 137 के पूर्व की 3 व 4 चौपाई, पृ0 358

;Fkk gh pkj% l rFkk fg c)
LrFkkxra ukfLrde= fof)A
rLekf) ;% 'kD;re% iztkuka
l ukfLrds ukfHkeq[kks cq/k% L;krAA[1]

वाल्मीकि जी कहते हैं कि 'जैसे चोर दण्डनीय होता है, उसी प्रकार (वेद विरोधी) बुद्ध (बौद्धमतावलम्बी), भी दण्डनीय है। तथागत (नास्तिक विशेष) और नास्तिक (चार्वाक) को भी यहाँ इसी कोटि में समझना चाहिए।

कवि एक दोहे में 'चारबाक' (चार्वाक) दर्शन के परित्याग के लिए प्रेरित करता है क्योंकि यह मार्ग साक्षात् कलंकपथ है–

dYdh&in cnu djs ob flxjs efgikyA
pkjckd er R;kfx lc pyfga dyadh pkyAA[2]

इस प्रकार चार्वाक दर्शन भारतीय दर्शन में अपना एक अनूठा स्थान रखता है। वह किसी भी भारतीय दर्शन से मेल नहीं खाता। यह परंपरागत विचारों का कट्टर विरोधी हैं फिर भी, इसका महत्व कम नहीं है।

चार्वाक दर्शन में दोषों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह दर्शन पूर्णरूपेण निरर्थक है। चार्वाक ने भारतीय विचारकों को सोचने का एक नया ढंग दिया है। भारतीय दर्शन की कई त्रुटियों की ओर इन्होंने विचारकों का ध्यान आकृष्ट किया है। वैदिक परंपरा में अंधविश्वास, रूढ़िवादिता ढोंग आदि की भरमार हो गयी थी। चार्वाक की आलोचनाओं ने भारतीय विचारकों को इन दोषों के प्रति जागरूक बनाया। अतः चार्वाक के भौतिकवादी दर्शन ने अप्रत्यक्ष रूप में अन्य भारतीय दर्शनों को वैचारिकता की नई दिशा दी है। इस प्रकार, भारतीय दर्शन में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।

---

1 वाल्मीकि रामायण, अयोध्याकाण्डम्, सर्ग 109, श्लोक 34 पृ0 468,
2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधापथ उत्तरार्ध, द्वितीय खण्ड, दो0 2410, पृ0 1099

¼ii½ *बौद्ध दर्शन*

महात्मा बुद्ध के मूलभूत उपदेश चार आर्य–सत्य हैं। ये चार आर्य–सत्य ही दर्शन के मूलाधार है। 'महावग्ग' में इन आर्य–सत्यों को ही बौद्ध दर्शन की आधारशिला बतलाया गया है।[1] चार आर्य सत्य हैं– दुःख, दुःख–समुदाय, दुःख–निरोध (निर्वाण) और दुःख निरोध मार्ग अर्थात् निर्वाण–मार्ग। अतः हम कह सकते हैं कि सांसारिक जीवन दुःखो से परिपूर्ण है, दुःखों का कारण है, दुःखों का अन्त है और दुःख अन्त का उपाय है। बौद्ध दर्शन जीवन और जगत को दुःखमय मानता है। जिस समय बुद्ध का पदार्पण हुआ, उस समय सर्वत्र तत्त्वशास्त्र का ही प्रचलन था। जनसाधारण और विद्वज्जन दोनों ही तत्त्वशास्त्रीय प्रश्नों के समाधान में दिन रात लगे रहते थे। तत्त्वशास्त्र के अंतर्गत मुख्यतः आत्मा, विश्व एवं ईश्वर का अध्ययन किया जाता है। बुद्ध के समय इन विषयों पर नित्य विद्वानों और जनसाधारण के मध्य शास्त्रार्थ एवं वाद–विवाद होते रहते थे। बुद्ध से भी अक्सर इन प्रश्नों पर उनके विचार माँगे जाते थे, किन्तु वे इनके विषय में कोई भी मत देने में असहमति प्रकट करते थे। वे सदैव इन प्रश्नों के उत्तर पर मौन हो जाते थे। इसलिए कहा जाता है कि बुद्ध तत्त्वशास्त्रीय समस्याओं से तटस्थ रहा करते थे। इसी आधार पर उन्हें तत्त्वशास्त्रविरोधी भी कहा जाता है।[2] तत्त्वशास्त्र के विषय (आत्मा, विश्व, ईश्वर, पुनर्जन्म आदि) आदिकाल से ही विवादास्पद रहे हैं। प्रमुख समस्या दुःख से मानव को मुक्ति दिलाने की है। इसलिए बुद्ध तत्त्वशास्त्रीय प्रश्नों को बेकार एवं निरर्थक समझकर टाल देते हैं।

बौद्ध दर्शन बुद्ध के चार आर्य सत्यों में निहित है। इन आर्य–सत्यों में दूसरा आर्य–सत्य दुःख समुदाय है। यह सिद्धान्त अन्य सभी दार्शनिक विचारों का आधार है। बौद्ध दर्शन क्षणिकवाद में विश्वास रखता है। बौद्ध दर्शन जीवन और जगत को दुःखमय मानता है।

---

1 भारतीय दर्शन, डा0 बी0एन0 सिंह, पृ0 232, चतुर्थ सं0 1986

2 भारतीय दर्शन, डा0 आर0बी0 शर्मा, पृ0 45, 2008 संस्करण

'रामखण्ड रामायण' में कवि बुद्ध के जिस चरित्र की रूपरेखा तैयार करता है, वह ऐतिहासिक बुद्ध से थोड़ा भिन्न है। यह भिन्नता बुद्ध के अवतार–प्रसंग में आयी है। यहाँ कवि बुद्ध को जाति से ब्राह्मण स्थापित करता है, जिसके अनुसार बुद्ध मगध के राजा अजिन ब्राह्मण के पुत्र थे। बचपन में बुद्ध का नाम मार्जिन था जो बाद में बुद्ध नाम से प्रचलित हो गया–

vftu fci ekx/k tx tkukA lkd}hi x#M dj vkukAA
Hkkjr mRrj vkjr jkt A cfp cykd lkm jfgr lekt AA
tjkl/k dy thju tkuhA fHkxfjo f}t v;uhm enkuhAA
frUg d Hkk ekftu ru; c) ykd i[;krA
/koy dl pid xmj fdy dj t fnx tkrAA[1]

कवि बुद्ध चरित्र का वर्णन करते हुए कहते हैं कि बुद्ध विष्णु के नवें अवतार हैं। इसको प्रामाणिक बनाने के लिए वह स्वयं बुद्ध के मुख से साक्ष्य प्रस्तुत कराने की कोशिश करता है– बुद्ध जन्म लेते ही अपने माता–पिता से कहते हैं कि मैं विष्णु का नौवां अवतार हूँ–

tUer tuuh tud luk,A gm gfj uoe :i njlk,A
r fcfLer y?k ckyd ckykA djc fxjk iHk vki vMkykAA[2]

बौद्ध दर्शन में अहिंसा पर बहुत जोर दिया जाता है। कवि इन सिद्धान्तों को भी कथा में लिखता है। जैसे–

,g Hke lc tho lekukA rY; dLV lc fudlr ikukAA
tho&cU/ku rk r ufg uhdkA rtg ekfu cp ikfpv

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड, दो0 2391, चौ0 1–4, पृ0 1092,

2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड,, दो0 2392/1–2, पृ0 1092

yhdkAA[1]

इस प्रकार उन्होंने सबको यह समझाया कि कोई भी जीव दुःख के बंधन से मुक्त नहीं है तथा दुःख किसी को प्रिय नहीं है। उससे छुटकारा पाने के लिए सब को प्रयत्न करना चाहिए। उनका तो एकमात्र ध्येय था समस्त जीवों के दुःख का अन्त किस प्रकार किया जा सकता है।

बौद्ध की संस्कृति भारतीय संस्कृति ही है और बौद्ध दर्शन भी भारतीय दर्शन है। प्राचीन परम्परा के अनुसार बौद्धों के मुख्य सिद्धान्तों के आधार पर तत्त्वदृष्टि से दार्शनिक विचारधारा के क्रमिक विकास को ध्यान में रखकर आध्यात्मिक विचारों का ही कवि ने वर्णन किया है।

¼iii½ *जैन दर्शन*

जैन दर्शन का इतिहास अत्यधिक प्राचीन है। जैन धर्म के दार्शनिक पक्ष पर विचार करने से ज्ञात होता है कि वह आस्तिक और नास्तिक दर्शनों के बीच की एक कड़ी है।[2]

जैन दर्शन एक नास्तिक दर्शन कहा जाता है, और कुछ बातों में आस्तिक दर्शनों से इस का स्वाभाविक मतभेद भी है, तथापि यह भी उसी मार्ग का पथिक है जिससे होकर आस्तिक दर्शनों की विचारधारा बहती है।[3] दुःख की आत्यन्तिक निवृत्ति, या परम सुख की प्राप्ति, इनका भी चरम लक्ष्य है। कठोर तपस्या, साधना आदि के द्वारा कायिक, वाचिक तथा मानसिक क्रियाओं का नियंत्रण कर अन्तःकरण की शुद्धि करना एवं परमात्मा का साक्षात्कार करना, भी चरम उद्देश्य है। इसीलिए जैन लोग 'सम्यक् दर्शन', 'सम्यक् ज्ञान' तथा 'सम्यक् चारित्र', इन तीन 'रत्नों' की प्राप्ति के लिए जीवन भर प्रयत्न करते हैं। ये सभी बातें आस्तिक

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड, उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड, छन्द 466/1–2, पृ0 1094,

2 भारतीय दर्शन, वाचपति गैरोला, पृ0 85, चतुर्थ सं0 1983

3 भारतीय दर्शन, उमेश मिश्र, पृ0 98, संस्करण, 1990

दर्शनों में भी है। अतएव यद्यपि जैनों को आस्तिक लोग 'नास्तिक कहते हैं, फिर भी दार्शनिक विचार में तथा ज्ञान के विकास में तो जैन दर्शन भी उसी सोपान परम्परा पर चढ़ा है जिस पर आस्तिक लोग चढ़े हैं। भेद है स्वाभाविक दृष्टिकोण का और एक ही मार्ग में आगे–पीछे रहने का।

जैन दर्शन का सामान्य अभिमत है कि संसार की समस्त वस्तुओं में स्थिरता और विनाश, इन दोनों का आवास रहता है।

एक श्लोक में जैन दर्शन के सार को निहित करके कहा गया है कि 'बंधन का हेतु तृष्णा (आस्रव) है। उसके निरोध (संवर) से मोक्ष की उपलब्धि होती है। आर्हत दर्शन का यही सार है–

vklok oU/kgr% L;kr lojk ek{kdkj.keA
brh; vkgrh efV% vU;n vL;k% iipueAA[1]

जैन दर्शन एक स्थिर चैतन्य की सत्ता पर विश्वास करता है और जैन दर्शन में अहिंसा पर बहुत बल दिया जाता है–

ee ekjx pkjh fuj; fcgkjh ;g ftfT tumin'k fn;kA
tk c/k e[k i[kb er vol[kb rkl firj xu ujd x;kAA[2]

कवि लिखता है कि जैन मतावलम्बी परस्पर लड़ पड़ते हैं। भगवान कल्कि जैन मत के अंधकार पर विजय का सूर्य प्रकाशित करते हैं–

yj iijLij tbuxu e;u e;u vfj jhfrA
dydh lj fNVdh fnlk vil tFkk re thfrAA[3]

जैनियों के समूल नाश के लिए भयंकर लड़ाई होती है और वे मारे जाते

---

1 भारतीय दर्शन, वाचस्पति गैरोला, पृ0 85, चतुर्थ संस्करण, 1983
2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड, छन्द 466, पृ0 1095,
3 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड, दो0 2412, पृ0 1100

हैं जो शेष बचते हैं वे अन्त में वैष्णव मार्ग का अनुसरण करते हें–

^^dg| yfx dfgv dtbu lc ekjA tk tk ckfnv l|er gekjAA

cp| l|[k lkb lju i|iUukA Hk, cbLuoekjx /kUukAA[1]

रामखण्ड रामायण में कवि का वैष्णव धर्म के प्रति अटूट प्रेम प्रकट हुआ है। जैनियों ने कभी वैष्णव धर्म स्वीकार नहीं किया। वे सनातन धर्म के विरोधी थे। यह एक ऐतिहासिक सत्य है। इस कथानक की प्रस्तुति के लिए कवि जिस कल्किपुराण को इस कथा का आधार बनाता है। वह परवर्ती कल्कि पुराण न होकर इससे बहुत पहले का कोई कल्किपुराण हैं उसी में लिखा है कि भगवान कल्कि ने जिज्जिनियों (जैनियों) को परास्त किया और क्षणमात्र में रक्त की नदी बहा दी–

/oLre|/kk| fcnn.Mk fod'rk oØrk :pkA
v³xHk³xkk| jFkh lknh inkrh xt'kkHkukAA
:.Me|.Mk egh jDrk clk ek|lk&l|vkfn|rkA
dfYduk {k.kek=|.k d'rk jDrtyk unhAA[2]

अहिंसा को जैन दर्शन में परम धर्म माना गया है। अहिंसा को धर्म मानने वाले तो सभी भारतीय दार्शनिक हैं परन्तु अहिंसा को ही परम धर्म, मानव का सच्चा धर्म, मानव का सच्चा कर्म मानने वाले केवल जैन लोग हैं। तात्पर्य यह है कि किसी भी प्रकार की हिंसा को जैन धर्म में पाप माना गया है।

इस प्रकार जैन दर्शन की इस देश की परम्परा में अनेक देन है। उसकी तत्त्व–मीमांसा का नाम अनेकान्तवाद है। यह विरोधी वादों के समन्वय का सिद्धान्त है। जैन दूसरों के मतों का भी समुचित आदर करते हैं। यह भावना

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड दो0 2414, चौ0 4–5, पृ0 2414,

2 रामखण्ड रामायण, किष्किन्धापथ उत्तरार्द्ध द्वितीय खण्ड, छन्द 469–470, पृ0 1100

धार्मिक दुराग्रहों को दूर करने के लिए आवश्यक है। एकांगी दृष्टिकोण से मानव की दृष्टि कलुषित तथा कट्टर बन जाती है। इसे दूर तभी किया जा सकता है जब हम दूसरों के मतों में कुछ अच्छाई देखें। वर्तमान युग 'सर्व–धर्म–समन्वय' का युग हैं। इसमें कट्टरवादिता का अन्त आवश्यक है। जैनों का अनेकान्तवाद इसके लिए अत्यन्त उपयोगी है।

¼iv½ ***सांख्य दर्शन***

महामुनि कपिल द्वारा विरचित सांख्य दर्शन सम्भवतः भारत का प्राचीनतम दर्शन है। श्रुति, स्मृति, रामायण, महाभारत आदि पुरातन कृतियों में सांख्य–योग के विचारों के अनेकों उदाहरण मिलते हैं।[1]

विद्वानों ने 'सांख्य' के दो अर्थ किये हैं– संख्या तथा ज्ञान। कुछ विद्वान मानते हैं कि सांख्य का सम्बन्ध तत्त्वों की संख्या से है, क्योंकि सांख्य दर्शन में पच्चीस तत्त्वों की गणना की गयी है। सम्भवतः इसी कारण भागवत में इसे तत्त्व संख्यान या तत्त्वगणन कहा गया है। दूसरा अर्थ है 'सांख्य' का तत्त्वज्ञान। यह तत्त्वज्ञान प्रकृति और पुरुष (शरीर और आत्मा; जड़ और चेतन) के पार्थक्य का ज्ञान है। यही सम्यक् ज्ञान 'सांख्य' का अधिक मान्य अर्थ है। गणना तथा ज्ञान दोनों अर्थों का प्रतिपादन करते हुए महाभारत में कहा गया है–

l[;k idor po] idfr p ip{krA
rÙokfu p prfo'kr] ru lk[;a idhfrreAA[2]

सांख्य द्वैतमूलक दर्शन है। प्रकृति और पुरुष उसके दो मूल तत्त्व हैं। प्रकृति–पुरुष संयोग ही जगत् की उत्पत्ति का कारण है।

सांख्य के प्राचीन सिद्धान्त वेदान्त से बहुत कुछ साम्य रखते हैं, क्योंकि

1 भारतीय दर्शन, डा0 बी0एन0 सिंह, पृ0 168, 1986 संस्करण
2 भारतीय दर्शन, डा0 बी0एन0 सिंह, पृ0 169

उसमें ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया गया था; किन्तु बाद में सांख्य निरीश्वरवादी हो गया। प्रकृति और पुरुष, दो मूल कारणों के अतिरिक्त, ईश्वर नाम की किसी तीसरी सत्ता को स्वीकार करने में सांख्य सर्वथा मौन है। यही कारण है कि गौतम बुद्ध ने अपने सिद्धान्तों की आधारभित्ति को सांख्य की ठोस भूमि पर निर्मित किया। जैन और बौद्ध दोनों धर्म–सम्प्रदायों ने अहिंसावाद का परम लोकोपकारी सिद्धान्त भी सांख्य से ही अपनाया।[1]

प्राचीनों की उक्ति है– ^u fg lka[;le Kkue*, अर्थात् यथार्थ ज्ञान तो सांख्य ही में है, ऐसा ज्ञान दूसरे शास्त्र में नहीं है। जितने जिज्ञासु होते हैं, जो विद्वान हैं, जिन्हें दुःख निवृत्ति की इच्छा है, सभी को तात्त्विक ज्ञान की आवश्यकता है। बिना ज्ञान के किसी प्रकार की सिद्धि नहीं मिलती।[2]

भगवान् ने गीता में भी कहा है–

> ^u fg Kkusu ln`'ka ifo=feg fo|rs*[3]
> ^Kkua yC/ok ijka 'kkfUrefpjs.kkf/kxPNfr*[4]
> ^Kkusu rq rnKkua ;s"kka ukf'krekReu%*[5]
> ^xPNUR;iqujko`fRra Kkufu/kwrdYe"kk%*[6]

अतः अपना कल्याण चाहने वाला कोई भी मनुष्य नहीं है जिसे ज्ञान का प्रयोजन न हो। इसलिए सांख्यशास्त्र का अध्ययन, अनुशीलन अनादि काल से होता आया है, ऐसा अनुमान है। यही कारण है कि उपनिषद् से लेकर साहित्य तथा ज्योतिःशास्त्र के भी ग्रन्थों में सांख्यशास्त्र के विषयों का किसी न किसी प्रसंग में उल्लेख मिलता ही है।

---

1 भारतीय दर्शन, वाचस्पति गैरोला, पृ0 253, चतुर्थ सं0 1983
2 भारतीय दर्शन, उमेश मिश्र, पृ0 269, सं0 1990
3 गीता, गीताप्रेस गोरखपुर, अध्याय–4, श्लोक–38
4 गीता, गीताप्रेस गोरखपुर, अध्याय–4, श्लोक 39
5 गीता, गीताप्रेस गोरखपुर, अध्याय–5, श्लोक 16
6 गीता, गीताप्रेस गोरखपुर,, अध्याय–5, श्लोक 17

रामखण्ड रामायण के अरण्यकाण्ड में गोदावरी नदी के तट का एक प्रसंग है जहाँ अगस्त्य ऋषि सांख्य दर्शन तथा ज्ञान एवं भक्ति आदि का निरूपण करते हैं। इन संदर्भों को कवि रूद्र प्रताप वाल्मीकि रामायण से ग्रहण नहीं करते बल्कि इसकी प्रेरणा उन्हें तुलसीदास जी से प्राप्त हुई है। रामचरित मानस में यह संदर्भ इस प्रकार है–

rc j?kcj dgk efu ikghA rEg lu iHk njko dN ukghAA
rEg tkug tfg dkju vk;mA rkr rkr u dfg le>k;mAA
vc lk e= ng iHk ekghA tfg idkj ekjk efunkghAA
efu e ldku lfu iHk ckuhA iNg ukFk ekfg dk tkuhAA
rEgjb Hktu iHkko v?kkjhA tkum efgek dN d rEgkjhAA
Åefj r: fclky ro ek;kA Qy cãkM vud fudk;kAA
tho pjkpj tr lekukA Hkhrj clfg u tkufg vkukAA[1]

कवि रूद्रप्रताप सिंह तुलसीदास जी की इसी प्रेरणा से सांख्य दर्शन का निरूपण करने के लिए प्रवृत्त होते हैं–

rkel lPNe tkfu rUek=k HkU;k l ruA
:i x/k jl ekfu lCn Lil lnk HkuhAA
lNe ekf=dk ,fg voLFky Øeuk HkuhA
cy iy jrk nfg lkfur rr lvfLFk RodAA[2]

कवि रूद्र प्रताप, भगवान कपिल द्वारा उदित सांख्य दर्शन का वर्णन करते हुए कहते हैं कि–

vf/kdkjh ;g lk[;er lrjr djr fccuA
lnn/kku lfcuhr vfr HkfDreku lk liuAA
:nirki viki fgr Hko rkiu flr HkkuA

---

1 रामचरितमानस, गोस्वामी तुलसीदास, अरण्यकाण्ड दो0 13, चौ0 1–7
2 रामखण्ड रामायण, अरण्यकाण्ड, सोरठा 34–35, पृ0 31

dgh tFkk efr lk[;er mfnr dfiy HkxokuAA[1]

कवि वैष्णव धर्म का अनुयायी है और जहाँ भी वह धर्म, दर्शन और ज्ञान की चर्चा करता है वहाँ उसका वैष्णव–प्रेम प्रभावी हो उठा है। उसके सांख्य दर्शन निरूपण में भी इसकी छाया देखी जा सकती है–

y[ku djh pmfcl eurk:A eb tfg vFk ykfx ru /kk:AA
pkfj gr yfx ee vorkjkA ikyu lk/k vlk/k l?kkjkAA
/kel LFkkiu fcy; v/kekA ,fg fgr ru /kfj t|fi pekAA
dfiy lk[;fcn ekrfg xkbA lkb fcnger gefg lukbAA
lk ge rEg lu dg fuiunuA lo erUg dj l[kjpnuAA
nRr ikb v=h cj jkekA yhUg tUe vkiu frUg /kkekAA
tkx fl) yfx ;g vorkjkA lk[; i[kj ftfedfiy dekjkAA
cnk)kj del vLFkkiuA ftfe e[kx ckth l[k FkkiuAA[2]

कवि उज्जैन नरेश राजा बिक्रमाजीत (विक्रमादित्य) के चरित–वर्णन करते हुए कहते हैं कि यह राजा सांख्य, न्याय और धर्म का ज्ञाता था। कवि के शब्दों में कहें तो वह प्रत्यक्ष सांख्य, न्याय और धर्म (ही) था–

/kujklj lfr cnu lk vPNkA
lk[; U;k; v: /kel irPNkAA[3]

अतः भारतीय दर्शनों में सांख्य दर्शन का अपना स्थान है। इसका महत्व मनुष्य को कौन कहे स्वयं भगवान (श्रीकृष्ण) ने भी स्वीकार किया है। इसका महत्व बतलाते हुए भगवान ने कहा कि 'मैं सिद्धों में कपिल मुनि हूँ'। इससे स्पष्ट

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधापथ उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड, दो0 2551, पृ0 1158
दो0 2513, पृ0 1159
2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड, दो0 2555, चौ0 1–8, पृ0 1159
3 रामखण्ड रामायण, राजपथ (उत्तरकाण्ड) विश्राम 51, श्लोक 365

है कि भगवान सबसे सिद्ध मुनि सांख्य के संस्थापक कपिल मुनि को ही मानते हैं।

वस्तुतः कपिल के द्वारा विरचित सांख्य आस्तिक दर्शनों में अग्रगण्य है। परन्तु जहाँ इसे इतना महत्वपूर्ण माना गया है। वहीं पर बड़े जोरदार शब्दों में इसका खण्डन भी हुआ है। जगद्गुरु शंकराचार्य सांख्य का खण्डन करते हुए कहते हैं कि यह 'प्रधान प्रतिपक्षी' है। इसका कारण यह है कि सांख्य अद्वैत वेदान्त के बिल्कुल निकट जान पड़ता है परन्तु वस्तुतः बहुत दूर है। सांख्य के प्रायः सभी सिद्धान्त अद्वैत वेदान्त के विपरीत है। निकट का शत्रु दूर की अपेक्षा अधिक विनाशकारी हो सकता है। संभवतः इसी आशय से शंकराचार्य इसे प्रधान प्रतिपक्षी स्वीकार करते हैं।

सांख्य का सर्वप्रथम सिद्धान्त कार्य–कारण का सिद्धान्त हैं कार्य और कारण का सम्बन्ध मानना तो कारणता की वैज्ञानिक व्याख्या के लिए आवश्यक ही है। परन्तु यह सम्बन्ध कैसा? सांख्य दर्शन के अनुसार कार्य कारण का रूपान्तर है। यह सिद्धान्त सांख्य की तत्त्व मीमांसा के लिए उपयुक्त है। प्रकृति परम कारण है जिसका रूपान्तर ही सम्पूर्ण जगत हैं यह सत्कार्यवाद का सिद्धान्त है जो असत्कार्यवाद से भिन्न है। शंकराचार्य भी सत्कार्यवाद मानते हैं। परन्तु उनके अनुसार यह सद् कारणवाद है, क्योंकि ब्रह्म ही मूल कारण है। सारा जगत सद् कारण का असद् विवर्त है। जगत का अस्तित्त्व दिखलायी पड़ता है। वस्तुतः इसका कारण (ब्रह्म) ही सत् है। स्पष्ट है कि सांख्य और वेदान्त (अद्वैत) में सत्कार्यवाद भिन्न है। इसी प्रकार सांख्य और अद्वैत–वेदान्त दोनों का अन्तिम सिद्धान्त मोक्ष है। दोनों के मोक्ष में साम्य प्रतीत होता है, परन्तु वस्तुतः भेद है। अद्वैत–मत में आत्मज्ञान ही मोक्ष है। इसका कारण ज्ञान है। ज्ञान अज्ञान का

अभाव है। अज्ञान के कारण ही आत्म में अनात्म का अध्यास होता है– मैं कर्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ, मैं सुखी हूँ, मैं दुःखी हूँ आदि। अज्ञान के नाश होने पर कर्ता, भोक्ता, सुख, दुःख आदि व्यवहार का विनाश हो जाता है तथा 'मैं' शुद्ध रूप में रह जाता है। यह ज्ञान होते ही मरणधर्मा जीव अमर हो जाता है। सांख्य में भी अज्ञान को ही बंधन तथा ज्ञान को ही मोक्ष का कारण माना गया है। ज्ञान या विवेक–ख्याति के द्वारा पुरुष को बोध हो जाता है कि पुरुष प्रकृति से भिन्न है। प्रकृति अचेतन, अनात्म है तथा पुरुष शुद्ध चेतन आत्म है। इस प्रकार बन्धन का करण प्रकृति या बुद्धि से तादात्म्य का अनुभव है। जब पार्थक्य का ज्ञान हो जाता है तब पुरुष मुक्त हो जाता है। परन्तु प्रकृति तो नित्य है। नित्य वस्तु का विनाश असम्भव है। पुनः पुरुष तो शुद्ध चैतन्य है। बंधन और मोक्ष तो प्रकृति का होता है पुरुष का नहीं। अतः मोक्ष सिद्धान्त की व्याख्या प्रकृति और पुरुष दोनों से नहीं हो पाती। व्यवहार में ज्ञान–मार्ग के लिए सांख्य और वेदान्त का एक साथ नाम लिया जाता है। परन्तु दोनों में सामंजस्य नहीं।[1]

¼v½ *योग दर्शन*

योग दर्शन के प्रणेता महर्षि पतंजलि हैं। इसी कारण इस दर्शन को पातंजल दर्शन भी कहते हैं। योग दर्शन का साहित्य अन्य दर्शनों की भाँति विशाल नहीं, परन्तु यह अत्यंत वैज्ञानिक दर्शन है। सभी दर्शन योग का महत्व स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं। वेद, उपनिषद, स्मृति, पुराण, आदि सभी ग्रन्थों में योग की चर्चा मिलती है। यही कारण है कि अल्प साहित्य होते हुए भी यह भारतीय दर्शन का महत्वपूर्ण अंग माना जाता है तथा इसका प्रचार और प्रसार बहुत है। अन्य दर्शनों की अपेक्षा इसकी एक अपनी विशेषता यह है कि यह सैद्धान्तिक ही नहीं, व्यावहारिक भी है। स्वस्थ शरीर तथा सबल आत्मा दोनों ही

---

1 भारतीय दर्शन, डा0 बी0एन0 सिंह, 1986 सं0, पृ0 196

इसके प्रतिपाद्य विषय हैं। अन्य दर्शनों के समान यह दर्शन शरीर को हेय नहीं मानता, वरन् उपादेय समझता है। 'शरीर के स्वस्थ रहने से ही चित्त निर्मल होगा तथा चित्त की निर्मलता से ही आत्म–लाभ सम्भव है'।[1]

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि चित्तवृत्ति के निरोध को योग कहते हैं। यह निरोध सहज कार्य नहीं, यह अभ्यास और वैराग्य से ही साध्य है।[2] इनमें प्रथम वैराग्य द्वारा चित्तवृत्तियों का निरोध करना चाहिए। तत्पश्चात् अभ्यास द्वारा निरूद्ध संस्कारों को दृढ़ करना चाहिए। तात्पर्य यह है कि योगाभ्यास–विषयक वैराग्य से चित्तवृत्तियों का निरोध हो जाता है।

योग के आठ अंग माने गये हैं, जिन्हें अष्टांग योग कहते हैं। क्लेशों से मुक्त होने के लिए, चित्त को समाहित करने के लिए योग के आठ अंगों (साधनों) का अभ्यास करना आवश्यक है। ये हैं– 'यम', 'नियम', 'आसन', 'प्राणायाम', 'प्रत्याहार', 'धारणा', 'ध्यान', 'समाधि'।[3] इन अंगों के अनुष्ठान से अविद्या का नाश हो जाता है तथा यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति होती है।

कवि रूद्रप्रताप के अनुसार–

HkfDr tkx v: fuxu X;kukA nkÅ dk ifjikd lekukAA[4]

योग के आठ अंगों की व्याख्या करते हुए कवि कहते हैं–

lU;kl tkx vLVkxA HkfDr tkx /keki nb vxAA
cgfj ifcfÙkfufcfÙk Mxj nkA vkRe fcpkj fcjkx exj nkAA
bUg iFk lxu fuxum blkA fcLoLFkh Hkkou fcl chlkAA
HkfDr tkx yPNu ltx cuu fdv ro rhjA

---

1 भारतीय दर्शन, डा0 बी0एन0 सिंह, पृ0 197
2 भारतीय दर्शन, डा0 बी0एन0 सिंह, पृ0 200
3 भारतीय दर्शन, उमेश मिश्र, संस्करण 1990, पृ0 328
4 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड, दो0 2550/चौ0 1, पृ0 1157

dkykC;fDr xrh dgh fcLo mj:rj FkhjAA[1]

इन अष्टांगो के अनुष्ठान में साधक ज्यों–ज्यों अग्रसर होता है त्यों–त्यों अशुद्धि या अविद्या का नाश होता जाता है।

fccl vfc|k l:fl:fr thouA t:fg i:fcl: xfr Hky| vihouAA[2]

योग की पूर्ण सिद्धि से साधक में विवेक ख्याति की उत्पत्ति होती है–

fu%dy:l tkxhtu tkbA vTctkfu t|r i:fclfg: lkbA[3]

HkfDr tkx l|fiukdkjh dA rkfg tfur fcjkxdkjh dAA
r: r: mnHko fuely X;kukA X;ku tfur in fØLu lekukAA[4]

अतः इन योगांगो का प्रयोजन है विवेक ज्ञान की प्राप्ति तथा अशुद्धि या अविद्या का नाश–

;g l:lkj tkx lc tkxhA ;g vfHker vlx vf[kykxhAA
fc[ke fceDr Hk, xk lkjA fuxu cãfujhPNuokjAA[5]

विवेक ज्ञान से ही कैवल्य लाभ होता है। इस प्रकार योग दर्शन के ये आठ अंग साधक की सद्गति के कारण हैं। इनके सम्यक् अनुष्ठान से पाप का विनाश, ज्ञान का उदय और विवेक की प्राप्ति होती है–

vul:; Hkrfg r: jr: l|l[kkfujr tku: fi:;A

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड, दो0 2550, चौ0 6,7,8, पृ0 1158

2 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड, दो0 2551, चौ0 1, पृ0 1158

3 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड, दो0 2546, चौ0 1, पृ0 1156

4 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड, चौ0 7–8, दो0 2548, पृ0 1156

5 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड, उत्तरार्ध द्वितीय खण्ड दो0 2549, चौ0 4, 5, पृ0 1157

d|y cfgj tfur fcjkx t: v: lkrjr l:rr fg;AA
fueRljk lfp :fp gjh ij rkfg tkx [kxLojkA
tk l:ou dfjgfg lnn/kku /kju iBbu Hkkxh LojkAA[1]

मनुष्यों के स्वभाव, गुण, अधिकार भिन्न–भिन्न हैं, इस कारण योग मार्ग भी भिन्न–भिन्न है; पर गंतव्यस्थान एक ही है।

इस तरह से योग दर्शन में ईश्वर के अस्तित्त्व को प्रमाणित किया गया है। किन्तु उसको जिन प्रमाणों से समर्थित किया गया है उनसे योगदर्शन का ईश्वर हमें किसी महत्वपूर्ण पद का अधिष्ठाता नहीं दिखायी देता। सांख्य में जो स्थान विवेक को दिया गया है वही स्थान योग में ईश्वर को दिया गया है।[2]

¼vi½ *वैशेषिक दर्शन*

वैशेषिक दर्शन अत्यंत प्राचीन है। इसकी प्राचीनता के सम्बन्ध में अनेक मत–मतान्तर हैं। इतना तो सर्वमान्य है कि न्याय–वैशेषिक में वैशेषिक दर्शन ही प्राचीन है, क्योंकि न्याय दर्शन के प्रारम्भिक ग्रन्थ गौतम–सूत्र तथा वात्सायन भाष्य में वैशेषिक के सिद्धान्त स्पष्टतः उपलब्ध हैं।[3] श्री माधवाचार्य के अनुसार विशेषण में प्रणीत को ही वैशेषिक कहते हैं।[4]

इसी क्रम में यदि युक्ति प्रधान कणाद ऋषि के वैशेषिक शास्त्र को देखें तो उस शास्त्र की भी सृष्टि विषयक विचारों के साथ संगति नहीं बैठ पाती है– क्योंकि वैशेषिक मत में परमाणु को जगत् का कारण माना गया है। जबकि परमाणु से भी जगत् की उत्पत्ति उचित नहीं है। कणाद ऋषि के मत में स्थूल पृथ्वी, जल, तेज एवं वायु इन चारों द्रव्यों के आदि कारण मुख्यतः चार प्रकार के

---

1 रामखण्ड रामायण, किष्किंधाकाण्ड, छन्द 509, पृ0 1158
2 भारतीय दर्शन, वाचस्पति गैरोला, 1983, (चतुर्थ संस्करण), पृ0 300
3 भारतीय दर्शन, डा0 बी0एन0 सिंह, पृ0 363, सं0 1986
4 भारतीय दर्शन, परिचय, पं0 हरिमोहन झा, प्रथम संस्करण, पृ0 2

परमाणु है। यह परमाणु अवयव रहित है। अर्थात् इनका आकार इतना छोटा है कि उनके अवयव नहीं हो सकते। अतः ईश्वर की इच्छा से ये परमाणु आपस में मिल जाते हैं और द्वयणु, त्रिसरेणु आदि क्रमशः बनते जाते हैं। इसी क्रम में स्थूल पृथ्वी आदि दृव्य उत्पन्न होते हैं जिनसे जगत् की संरचना होती है। कणाद जी के इस मत में यह विचारणीय है कि एक परमाणु के साथ दूसरे परमाणु का जो मिलान अर्थात् संयोग है वह क्या सर्वांश से सहयोग है। अथवा एकांश से सहयोग है। सिद्धान्ततः जितने भी सहयोग हैं, वे सभी एकांशगत होते हैं और परमाणु में किसी भी प्रकार का कोई अंश नहीं होता। तो इनका संयोग किस प्रकार का हुआ? यदि उक्त दोनों पक्षों में पहले पक्ष पर विचार करे कि एक परमाणु का दूसरे परमाणु से सर्वांश सहयोग होता है तो इस पक्ष में एक परमाणु से दूसरा परमाणु अवश्य लीन हो जाना चाहिए। तदुपरान्त दो विकल्प सामने आते हैं पहला–वह क्यों नहीं लीन हुआ? दूसरा–यदि लीन हो गया तो परमाणु संयोग से उत्पन्न जगत् परमाणु से बड़ा नहीं होना चाहिए क्योंकि जितने भी संयोग हैं वे कोई भी सर्वांश से नहीं होते। जैसे दो ईटों के संयोग से एक बहुत बड़ी दीवार तैयार हो जाती है किन्तु उस दीवार में जो दो ईंटो का संयोग है वह एक ओर से ही होता है। शेष अन्य भाग संयुक्त नहीं रहता। इसी प्रकार सूत्रों का संयोग भी आपस में एक ओर से है और शेष भाग बचा रहता है। किन्तु कणाद के मत से परमाणु निरवयव है। अतः उक्त ईट या सूत्र के एकांश संयोग से समान परमाणु का संयोग नहीं हो सकता। फलतः सर्वांश से संयोग मानना पड़ेगा। यद्यपि सर्वांश शब्द यहाँ परमाणु के विषय में नहीं कहा जा सकता, क्योंकि परमाणु अवयव रहित और अंश रहित है। परन्तु सर्वांश शब्द से यही ज्ञात होता है कि परमाणु संयोग से बचा नहीं रह सकता। प्रत्यक्ष में परमाणु के संयोग से उत्पन्न जगत् बहुत बड़ा दिखलायी पड़ता है। अतः उपर्युक्त मत ठीक नहीं है तथा जो दूसरा पक्ष है जिसमें परमाणु का अवयवों के साथ संयोग होता है। यदि यह माना जाये कि परमाणु के अवयव नहीं होते तो यह सिद्धान्त ही नष्ट हो

जाता है। वरन् परमाणु का सिद्ध होना ही कठिन दिखता है। उन पर भी वही दोष अर्थात् परमाणु के अवयव जो दूसरे परमाणु के अवयव से मिलकर बनते हैं वे सर्वांश से मिलते हैं या एकांश से तथा इनमें एक परमाणु के अवयव दूसरे परमाणु के अवयव में लीन क्यों न हुए और यदि लीन होंगे तो उन अवयवों के संयोग से उत्पन्न जगत् अवयवों से बड़ा कभी नहीं हो सकता अर्थात् परमाणु के अवयवों के संयोग से उत्पन्न छोटा ही था। अब तो परमाणु के अवयव से बड़ा किसी प्रकार नहीं हो सकता है। अतः इस प्रकार यह ज्ञात होता है कि इस मत में छोटेपन का दोष लगा रह जाता है। यदि एक क्षण के लिए यह मान लिया जाए कि–परमाणु के अवयव के भी अवयव होते है– तो किसी को तो अवयव रहित मानना ही होगा और यही सबसे बड़ा दोष होगा। यदि किसी को अवयव रहित न मानकर यह मान ले कि अवयव के ही अवयव हैं तो एक ऐसी अनवस्था हो जायेगी कि आँख की पुतली का एक अंश ही सुमेरू पर्वत की बराबरी को प्राप्त करेगा। क्योंकि दोनों में ही अनगिनत अवयव ठहरे हुए हैं। अतः उस स्थिति में इस दोष का निवारण कैसे होगा? वस्तुतः पदार्थ को लघु एवं दीर्घ ज्ञापित करने में उसमें निहित परमाणुओं की अल्पता एवं दीर्घता ही कारण होती है और होता यह है कि अवयव के अवयव एवं अवयव के भी अवयव इसी प्रकार कहते चले जाते हैं। वस्तुतः इसी प्रकार से ही सुमेरू पर्वत एवं आँख की पुतली दोनों के ही अंशों में अनन्त अवयव ठहरे हुए है और यदि किसी के अवयव का अन्त न हुआ तो दोनों के ही अंश आपस में अनन्त–अवयवत्व रूप धर्म से समतुल्य सिद्ध होंगे। अतः इस मत में स्थिरता एवं सच्चाई निर्दिष्ट नहीं होती क्योंकि इसमें इतने लघु तत्त्व की इतने बड़े तत्त्व से तुलना की गयी है जो कि स्वयं में एक बहुत बड़ा दोष है।

¼vii½ *न्याय दर्शन*

न्याय दर्शन की सत्ता अत्यंत प्राचीन है। न्याय दर्शन तर्कवादी दर्शन है।

लगभग विक्रमी पूर्व से लेकर आज तक अबाध रूप से उसका अध्ययन–अध्यापन, निर्माण और मनन, अनुसंधान होता आ रहा है।

न्याय दर्शन की समृद्धि में गुप्त युग का बड़ा योग रहा है। इस युग में न्याय सूत्रों पर वृहद् भाष्यों और वार्तिक ग्रन्थों का निर्माण हुआ। इस युग में भी न्याय सूत्रों की दुरूहता को भाष्यकारों ने सुगम बनाया और इससे न्याय दर्शन की लोकप्रियता बढ़ी।

आधुनिक न्यायशास्त्र के प्रवर्तक गौतम थे। इन्होंने स्थूल जगत् के तत्त्वों पर विचार किया और उनके ज्ञान के लिए प्रमाणों का निरूपण किया। इनका एकमात्र ग्रन्थ है 'न्यायसूत्र'। यद्यपि इस ग्रन्थ का लक्ष्य है निःश्रेयस् या परमतत्त्व की प्राप्ति, तथापि विशेष रूप से यह प्रमाणों के द्वारा तर्क करने की शिक्षा देता है। इसीलिए इस शास्त्र का 'न्यायशास्त्र', 'तर्कशास्त्र', आदि नाम हैं।

न्यायशास्त्र का मुख्य लक्ष्य है 'प्रमान' और 'प्रमेय' के विशेष ज्ञान से निःश्रेयस् को प्राप्त करना, किन्तु जब तक 'संशय', 'प्रयोजन', 'दृष्टान्त', 'सिद्धान्त', 'अवयव', 'तर्क', 'निर्णय', 'वाद', 'जल्प', 'वितण्डा', 'हेत्वाभास', 'छल', 'जाति', तथा 'निग्रहस्थानों' का विशेष रूप से 'ज्ञान' नहीं होगा, तब तक 'प्रमेय' का ज्ञान अच्छी तरह से नहीं हो सकता। अतएव गौतम ने कहा कि उपर्युक्त सोलह पदार्थों के तत्त्वज्ञान से मुक्ति मिलती है। इस शास्त्र में इन सोलहों पदार्थों के लक्षणों की प्रमाणों के द्वारा परीक्षा की गयी है।[1]

प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द से ईश्वर की सत्ता सिद्ध की गयी है। ईश्वर लौकिक का नहीं वरन् अलौकिक प्रत्यक्ष (योगज) का विषय है। योगी–लोगों का अन्तःकरण नितान्त शुद्ध होता है। अतः वे आन्तरिक नेत्र (दिव्य–चक्षु) से ईश्वर

---

1 भारतीय दर्शन, उमेश मिश्र, पृ0 180, सं0 1990

का प्रत्यक्ष करते हैं। ईश्वर का स्वरूप सांसारिक नेत्रों से नहीं देखा जा सकता।[1]

सम्भवतः इसी कारण गीता में भगवान (कृष्ण) ने अर्जुन को दिव्य चक्षु देकर अपने स्वरूप का प्रत्यक्ष ज्ञान कराया–

firkgeL; txrks ekrk /kkrk firkeg%A
o|| ifo=ek³dkj _Dlke ;tjo pAA[2]

हे अर्जुन! इस समस्त चराचर विश्व का धाता अर्थात् धारण–पालन करने वाला मैं ही हूँ। समस्त कर्मों का फल देने वाला भी मैं ही हूँ। इस जगत् का पितामह मैं ही हूँ, ज्ञानगम्य तथा ज्ञानस्वरूप पवित्र ओंकार और ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद भी मैं ही हूँ, इत्यादि रूप से निर्दिष्ट ईश्वर शब्द प्रमाण से सिद्ध है।

अतः ईश्वर को अलौकिक प्रत्यक्ष का विषय तो प्रायः सभी मानते हैं। ईश्वर को अनुमान का विषय बतलाना तो नैयायिकों की देन है।

इसलिए भारतीय दर्शन संप्रदायों में, विशेष रूप से ईश्वर के विरोध में सांख्य दर्शन में जो शंकाएँ प्रस्तुत की गई हैं, न्याय में और वैशेषिक में उसका बड़े विस्तार से समाधान किया गया है; और ईश्वर की सत्ता को स्वीकार करके उसी को जगत् का कर्त्ता सिद्ध किया गया है।

¼viii½ ***मीमांसा दर्शन***

मीमांसा दर्शन के आदि आचार्य महर्षि जैमिनि हुए। महर्षि जैमिनि ने विधिरूप अर्थ को धर्म कहा है 'चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः'। जब तक धर्म का ज्ञान नहीं होता तब तक विधि को ठीक–ठीक नहीं पहचाना जा सकता है। धर्म के समुचित ज्ञान के लिए ही जैमिनि ने अपने दर्शन में विधि की मीमांसा की है। इसीलिए जैमिनि के दर्शन का नाम 'मीमांसा दर्शन' पड़ा।

---

1 भारतीय दर्शन, डा0 बी0एन0 सिंह, पृ0 485, सं0 1986
2 गीता, गीताप्रेस गोरखपुर, अध्याय–9, श्लोक–17

मीमांसा दर्शन का विषय है वैदिक विधि–निषेधों का आशय समझाना, उनकी पारस्परिक संगति बैठाना और युक्तियों के द्वारा कर्मकाण्ड के मूल सिद्धान्तों का प्रतिपादन करना।

श्रुति, स्मृति, पुराण आदि अनेक विषयों के धर्म ग्रन्थों से विदित है कि धर्माचरण से इच्छित फल की प्राप्ति होती है। यइ इच्छित फल लौकिक भी हो सकता है और परलौकिक भी। इस इच्छित फल की उपलब्धि तभी संभव है, जब हम धर्म का वास्तविक स्वरूप जान लें।

महर्षि जैमिनि के मीमांसा दर्शन का पहला सूत्र है 'अथातो धर्म जिज्ञासा'। अर्थात् जन्म–जन्मान्तर के इच्छित कार्यों की उपलब्धि और नानाविध दुःखों की आत्यन्तिक निवृत्ति के अनन्तर परमानन्द की प्राप्ति जिस धर्म के द्वारा सुलभ होती है ऐसे धर्म को जानने की अभिलाषा का होना स्वाभाविक ही है। विधि–विधान पूर्वक जिस कर्म को करने से जन्मांतर में परमानंद की प्राप्ति हो उस वेद प्रतिपाद्य विधिवत कर्म का अनुष्ठान ही धर्म है। यही मीमांसा दर्शन का विषय है।

यह मीमांसा दर्शन वेद वाक्यों के अर्थ का निश्चय भली–भाँति करा देता है किन्तु सृष्टि के विषय का वर्णन स्वतंत्र रूप से नहीं कराता है। अतः जैमिनि के मीमांसा दर्शन में सृष्टि की उत्पत्ति विषयक विवेक प्राप्त नहीं होता है। क्योंकि इसमें सृष्टि की उत्पत्ति का कोई भी वर्णन नहीं किया गया है। यह मात्र वेद वाक्यों पर ही विचारणीय हैं। जैमिनि ने अपने मीमांसा शास्त्र में लिखा है– ^^vkEuk;L; fØ;kFkRoknkuFkD;ernFkkuke** उन्होंने उक्त सूत्र में यह कहा है कि वेद का अभिप्राय मात्र कर्म में ही है किन्तु उनकी इस बात का खण्डन उपनिषद् का तत्त्व जानने वाले आचार्यों ने किया है। उन आचार्यों का यह मत है– कि कर्म में ब्रह्म के प्रतिपादक वाक्यों का तात्पर्य किसी भी प्रकार से नहीं हो सकता। क्योंकि यदि ब्रह्मज्ञान का कुछ फल न होता तो उन वाक्यों का अर्थ व्यक्ति को कर्म की ओर आकृष्ट करता जबकि व्यक्ति को उत्तम फल का प्रदाता

ब्रह्मज्ञान के सदृश अन्य कोई भी नहीं है। क्योंकि इस ब्रह्मज्ञान के द्वारा जीव के अनादि काल से संचित कर्मक्लेश नष्ट हो जाते हैं और आत्मस्वरूप आनन्द प्राप्त होता है। तब ब्रह्मज्ञान के उत्पादक उन उपनिषद वाक्यों का अर्थ जीव के चित्त को खींचकर कर्म की ओर नहीं ले जा सकता है। इस प्रकार कवि के अनुसार उपनिषद वाक्यों का तात्पर्य कर्म में नहीं हो सकता है। उन वाक्यों से यही सिद्ध होता है कि सच्चिदानन्दस्वरूप वस्तु एक ही है तथा इस संसार की भेद दृष्टि अर्थात् पशुदृष्टि के समान अज्ञान में कल्पना की गयी है।

¼ix½ ***वेदान्त दर्शन***

परा विद्या होने के कारण वेदान्त उत्तम अधिकारी के चिन्तन का विषय है। उत्तम अधिकारी वह है जिसका अन्तःकरण ऐहिक तथा जन्मान्तर के कर्म, उपासना द्वारा शुद्ध हो चुका है। वही इस परमार्थ ज्ञान में प्रवृत्त हो सकता है। कर्मकाण्ड में विहित यज्ञ, दान, तप, स्वाध्याय आदि कर्मों से जिनका हृदय विशुद्ध है, जो योग साधन द्वारा जितेन्द्रिय तथा विषयादिरहित हो गये हैं, ऐसे उत्तम मुमुक्षु पुरुषों के लिए अध्यात्म विद्या के उपदेश की इच्छा से प्रस्तुत दर्शन वेदान्त का निर्माण हुआ।

जगत्, जीव, और ब्रह्म के वास्तविक स्वरूपों का विवेचन तथा उनके पारस्परिक सम्बन्धों की मीमांसा करना वेदान्त दर्शन का प्रतिपाद्य विषय है।

रामखण्ड रामायण, अटवीपथ में कवि वेदान्त दर्शन का निरूपण करने का प्रयास करता है। भक्ति और वेदान्त के इस दर्शन पर वैष्णव भक्ति का प्रभाव अधिक है। कवि के वैष्णव धर्मी होने का प्रभाव यहाँ भी दिखता है। वह वैष्णव धर्म के प्रति कितनी आस्था रखते हैं और कितनी उदारता इसे देखने के लिए अटवीपथ की गहराई में उतरना होगा–

LFkkoj txe cg uHk NkuhA iHk cãk dkjt txtkuhA
jktl xu dfj fcf/k djrkjA ikyfg fcLu lR;xr /kkjAA

rkel y; djrk gj gk:A =; xqu rRo =; lqj djrk:AA

tkfxzr Lolu lq[kIrk tkbA fcfRr cf) xqu rRle gkbAA

x x x x x

ukFk lenqnHko gbZ ,d ek;kA ftfe bPNk rq cLrq lkgk;kAA

rkl q /kkjuk rq Hkxokuk gkr xquX; dj rl ekuAA

x x x x x

f}fc/kk rRo ek;k fcHkkx fc|k·fc|k HkkfrA

ekxZ ifcÙk fujr lnk lkb vfc|k tkfrAA

x x x x x

fujr vfc|k uj lqlkjhA fc|kjr lqefDr iFk pkjhAA

ukFk HkfDr&jr rRo equtkihA fc|k iknHkkr rq FkkihAA

rkfg vfc|k Mj u dnkihA vijmykfdd Hk;ufgq C;kihAA

jmjs HkfDr fujr tu tbA efDreku ufgq lfflr lbAA

HkDrkfeRr tkb tho fcgkbA liuag lks u ijk xfr ikbAA

cgq/kk mfDr jke dsfg dktA dgmq lkj lfu, j?kqjktAA

lk/kq lx fdy ekPN d grA lk/kq dgh dk dgq j?kqdsrAA

lefpRrh fcfLigk u bZ[;kA nkr islkr HkDr equ fl[;kAA

x x x x x

ts fufcsr vf[kyk dyk uks dkeuk y[kkbA

bLV vfu"V fc[kkn lq[k ctZ leku xrkbAA[1]

कवि कहता है कि भक्त को योगियों की तरह अपना अन्तःकरण साफ रखना चाहिए, तभी वह मोक्ष प्राप्ति की इच्छा करता है–

HkDr lks tkxhtru ey&ghukA lkr Loekul lsok ihukAA

fuely X;kuoku tu lxkA mfnr efr lrr Hke&HkxkAA

---

1 रामखण्ड रामायण, अटवीपथ, दोहा 60–62 पृ0 31–32

lor lr&ljk:g&ikÅA efDr iklr ;g lyHk mikÅA
rkr eePN ,fg dj vkxA gkr mikf/k fcxr Hke R;kxAA
x x x x x
fcxr mikf/k vlkf/k [kV lkb ekPN HkxokuA
lrr le&njlh lfjl ty ty&yhu ijkuAA[1]

मोक्ष प्राप्ति का ज्ञान लक्ष्मण जब श्रीराम से पूछते हैं, तो राम के श्री मुख से मोक्ष प्राप्ति के जो मार्ग बताए गए हैं उनमें गहरा दर्शन है। माया एक आवरण है इसका भ्रम कैसे समाप्त हो, इसके लिए कवि रूद्र प्रताप सद्ग्रन्थों से प्रेरणा प्राप्त करने की स्थिति का ज्ञान कराता है, वह कहता है–

}/khHkr ir dy ek;kA vkojuu fcPNi lkgk;kAA
vkojuu eMy Hko djkA ,fg idkj lnxUFkUg gjkAA
fyxkRek ijekRek rjA LFky lNe Hknkfn fcgjAA
vij X;ku Hkkfrd Hko vklkA fr"Bfr:"B r jfgr fujklkAA
lklkfjd llkjh nokA ukx u ftfe eDrk xu lokAA
ek;k vkojfur llkjkA cã u mjfcp ijr fugkjkAA
dkp Hkfe yf[k ftfe vX;kuA ty Hke Hkfer gkfg fcu tkuAA
cLr mjLFk ijfLFkr X;kukA lhfEu u ftfe fut en ifgpkukAA
x x x x x

d# fcpkj tc rkr rÙofg ikor ikfu ryA
ftfe xn fdy feVtkr iklr Hk, Hk[kt l[knAA[2]

कवि भक्ति और ज्ञान से समन्वित इस दर्शन को अपने स्तर पर अभिव्यक्त

1 रामखण्ड रामायण, अटवीपथ, दो0 85, चौ0 5–8, पृ0 42

2 रामखण्ड रामायण, अटवीपथ, सो0 41, चौ0 1–8, पृ0 38

नहीं करता बल्कि सम्पूर्ण दर्शन श्रीराम के मुख से प्रस्फुटित होता है। रामखण्ड रामायण के प्रत्येक काण्ड में कवि अपने वैष्णव धर्मी होने का साक्ष्य देता है। कवि जहाँ भी धर्म, दर्शन और ज्ञान की चर्चा करता है वहाँ उसका वैष्णव प्रेम प्रभावी हो उठा है।

वेदान्त निरूपण में इसका प्रतिबिम्ब देखा जा सकता हैं कवि का प्रयास है कि राम ही अद्वैत स्वरूप परब्रह्म परमात्मा के रूप में स्थापित हों। कवि ने अद्वैतवाद को स्वीकार किया है। राम के ब्रह्म रूप की बात अनेक स्थानों पर कही गयी है। राम अद्वैत, परब्रह्म परमात्मा हैं–

jQk:<kx< vfr e<&nM&nkrkjA
}rghu v}r lk dhUgm }r fopkjAA
,l iHk j?ko'k&efu cn u ikor ikjA
rk dk tl cjuu pgk fut e?kk vulkjAA[1]

कवि ने सेवक सेव्यभाव और द्वैतवाद को भी माना हैं स भाव के आने पर मोह–माया के बंधन का विनाश हो जाता है। कवि ने अद्वैत द्वैतवादों को स्वीकार किया है। राम दोनों के हैं–

lod lC;Hkko eu tghA vorkjh vorkj lnghAA
fujey cf) }r ij tkdA ekg u ek;k ckf/kr rkdAA
ek;k Hkxfr mHk; iHk ukjhA dyg&jfgr nkm lfjl nykjhAA[2]

उपर्युक्त प्रसंग में जीव एवं ब्रह्म की एकता का अद्‌भुत् निदर्शन है। ईश्वर की कृपा के अभाव में अज्ञानान्धकार का नाश नहीं होता। अद्वैत बुद्धिवादी साधक माया से मोहित नहीं होता। माया और भक्ति प्रभु की पत्नियाँ हैं। माया में फंसकर जीव अपना विनाश करता है और भक्ति का आश्रम ग्रहण करके जीवन

1 रामखण्ड रामायण, वंशपथ, दो0 16–17, पृ0 2
2 रामखण्ड रामायण, वंशपथ, दो0 111, चौ0 6–8 पृ0 40

को धन्य करता है। निर्मल–बुद्धि सम्पन्न साधक माया में लीन नहीं होता।

इस प्रकार कवि को दर्शन का व्यापक एवं गहन ज्ञान है। वह जीव– ब्रह्म, सेवक–सेव्य, अविद्या, माया, द्वैताद्वैत आदि की चर्चा यों ही नहीं करता है। रामखण्ड रामायण में कवि सर्वत्र अपने ज्ञान का उपयोग करता है, विशेषकर जहाँ वह अध्यात्म की बातें करने लगता है उसका विचार और चिन्तन, दर्शन बहुत उत्कृष्ट रूप प्राप्त कर लेता है।